# खेल जगत



मैंने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और बताया कि कैसे टीम ने एक टेस्ट क्रिकेटर बनने और देश के लिए जो कुछ भी हासिल किया, उसमें मदद की। - विराट कोहली

भारतीय क्रिकेटर, संन्यास के फैसले के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — नगांगबाम स्वीटी देवी



**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम की कप्तान नगांगबाम स्वीटी देवी ने कहा कि एएफसी महिला एशिया कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के लिए भारत के ऐतिहासिक क्वालीफिकेशन को चार दिन हो चुके हैं हम आराम के मूड में नहीं है, हमारा विश्वकप खेलने का सपना जिंदा है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान नगांगबाम स्वीटी देवी ने कहा, यह वाकई राहत देने वाला है। पिछली बार जब भारत ने टूर्नामेंट की मेजबानी की थी, तो हम कोविड के कारण नहीं खेल पाए थे। लेकिन इस बार हमने अपने सभी मैच अच्छे से खेले, हमने हर तरह का प्रयास किया और हम क्वालीफाई कर गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** रवींद्र जडेजा डब्ल्यूटीसी इतिहास में 2,000 रन बनाने और 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने।

# एडवांटेज लॉर्ड्स के लिए उतरेंगे भारत और इंग्लैंड



लंदन, 9 जुलाई। भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरूवार से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में एडवांटेज लॉर्ड्स के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। दूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है।

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी जीवंत पिच की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई उपमहाद्वीप जैसी पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है।

इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं।

भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी । बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43.4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे।

# 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे गिल



दुबई, 9 जुलाई। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गये है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं। जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेटिंग अंक हैं। इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# स्वियाटेक विंबलडन में अपने पहले सेमीफाइनल में



लंदन, 9 जुलाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने आज अपने ग्रास कोर्ट के सफर में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से हराकर अपने पहले विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑल इंग्लैंड क्लब में जूनियर चैंपियन के रूप में ग्रैंड स्लैम जीतने के छह साल बाद।

क्ले कोर्ट पर लंबे समय से दबदबा रखने वाली 23 वर्षीय पोलिश स्टार ने विंबलडन के लॉन पर नए आत्मविश्वास का परिचय दिया। उन्होंने सटीकता और ताकत का मिश्रण करते हुए सेंटर कोर्ट पर 21वीं वरीयता प्राप्त रूस की खिलाड़ी को मात्र 90 मिनट से भी कम समय में हरा दिया। इस जीत से स्वियाटेक की जीत का सिलसिला 11 मैचों तक पहुंच गया और ऑल-सरफेस चैंपियन के रूप में उनकी साख और मजबूत हो गई।

टूर्नामेंट से पहले बोलते हुए, स्वियाटेक ने 2018 में विंबलडन में अपनी जूनियर जीत को याद किया, जिसे उन्होंने एक बार "उस समय अपने करियर का सबसे यादगार पल" बताया था। हालांकि, जूनियर सफलता से पेशेवर स्थिरता तक का यह सफर उतना जादुई नहीं था जितना उन्होंने सोचा था।

सेमीफाइनल में उनका सामना 17 वर्षीय रूसी सनसनी और 7वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा या 2021 ओलंपिक चैंपियन स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक से होगा। दोनों ही खतरनाक प्रतिद्वंद्वी मानी जाती हैं, लेकिन स्वियाटेक इस मैच में पसंदीदा खिलाड़ी के रूप में उतरेंगी, क्योंकि उनके करियर में अब तक का एकमात्र ग्रैंड स्लैम जीतने की चाहत है।

## अल्काराज और अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

लंदन, 9 जुलाई। गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। एक नंबर कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## राहुल सैनी के ऑलराउंड खेल से जीती बी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी



जयपुर, 9 जुलाई। नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अंडर-19 नेशनल कप में के बी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 238/8 रन बनाए। जिसमें राहुल सैनी ने 108 रन व विक्की यादव ने 37 रनों का योगदान दिया। एनसीसी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में समीर गोरा ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एन सी सी क्रिकेट अकादमी 20.2 ओवर में 90 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें भवानी ने अधिकतम 26 रन बनाए। के बी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में राहुल सैनी ने 4 विकेट व सुमित सैनी ने 3 विकेट और अजीत सैनी को 2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच-राहुल सैनी रहे।

## लक्ष्य एकेडमी 57 रन से विजेता



जयपुर, 9 जुलाई। एस.एच. एस. क्लब द्वारा आयोजित प्रथम अंडर 14 फेडस क्रिकेट कप में खेले गये मैच मे लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी और एस.बी. सी ए क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने 244/6 पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर मे बनाए। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी की ओर से उत्सव शर्मा ने 76 रन, प्रियंक ने 49 रन और दिवित नकवाल ने 29 रन बनाये। एस.बी. सी ए क्रिकेट एकेडमी की और से गेंदबाजी करते हुए यशपाल जाडोन ने 47 रन देकर 2 विकेट और दिपक ने 58 रन देकर के 1 विकेट , मनप्रित ने 21 रन देकर के 1 विकेट लिया। एस.बी.सी ए क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए 187/10 32.2 ओवर में ऑल आउट हो गई। एस.बी. सी क्रिकेट एकेडमी कि ओर से भव्याशं सिंह ने 47 रन, मनीष पटेल ने 44 रन, अंकित यादव ने 12 रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी गेंदबाजी करते हुए अक्षत प्रधान ने 37 रन देकर 1 विकेट, प्रियाशु सैनी ने 26 रन देकर 5 विकेट, कृष्णा ओझा ने 30 रन देकर 2 विकेट, रिषभ ने 19 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 57 से विजेता हुई।

# बुमराह और आर्चर की वापसी, लेकिन कैसा बर्ताव करेगी पिच?



लंदन, 9 जुलाई। एजबेस्टन में जसप्रीत बुमराह के बिना सीरीज में 1-1 की बराबरी करने के बाद अब भारत की अगली परीक्षा लॉर्ड्स का ऐतिहासिक मैदान होगा। एक ओर जहां जोफ्रा आर्चर साढ़े चार साल बाद इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते दिखेंगे तो वहीं जसप्रीत बुमराह भी इस टेस्ट में खेलते दिखेंगे। लॉर्ड्स में पिच ही नहीं ओवरकास्ट परिस्थितियां भी अहम रोल निभाती है, तो चलिए जानते हैं कि इस मैच में क्या उम्मीदें रहने वाली हैं। इंग्लैंड ने इस मैच से पहले भी अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है, जहां पर जोफ्रा आर्चर की साढ़े चार साल बाद टेस्ट में वापसी हुई है। 2019 में इसी मैदान पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। एजबस्टन में खेली इंग्लैंड टीम में एकमात्र यही बदलाव है। उनको जॉश टंग की जगह लिया गया है, जिन्होंने 33.63 की औसत से सीरीज में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।

**इंग्लैंड** : 1 जैक क्रॉली, 2 बेन डकेट, 3 ऑली पोप, 4 जो रूट, 5 हैरी ब्रूक, 6 बेन स्टोक्स (कप्तान), 7 जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), 8 क्रिस वोक्स, 9 ब्रायडन कार्स, 10 जोफ्रा आर्चर, 11 शोएब बशीर

बुमराह की अनुपस्थिति का एजबेस्टन में कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन अब उनकी इस टेस्ट में वापसी से टीम इंडिया को एक बूस्ट मिल सकता है, जहां उनके पास 2-1 की बढ़त बनाने का मौक़ा होगा। उनके प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में जगह बनाने की अपेक्षा है, जो पहले दो मैचों में महंगे साबित हुए थे। वहीं एजबस्टन में आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने आपस में 17 विकेट बांटे थे। यही वजह है कि भारत कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने के प्रलोभन से बचना चाहेगा। वॉशिंगटन सुंदर एक सुरक्षित विकल्प थे और उन्होंने पहली पारी में आठवें नंबर पर 42 रन बनाकर अपने चयन को सही साबित किया।

**भारत (संभावित)**: 1 यशस्वी जायसवाल, 2 केएल राहुल, 3 करूण नायर, 4 शुभमन गिल (कप्तान), 5 ऋषभ पंत (विकेटकीपर), 6 नीतीश कुमार रेड्डी, 7 रवींद्र जडेजा, 8 वॉशिंगटन सुंदर, 9 जसप्रीत बुमराह, 10 आकाश दीप, 11 मोहम्मद सिराज

### पिच और परिस्थिति


जैसा कि कहावत है, लॉर्ड्स एक नीचे नहीं, ऊपर देखो मैदान है, जहां पिच की तुलना में ओवरकास्ट स्थितियां पिच के व्यवहार में बड़ी भूमिका निभाती हैं। यह धारणा पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में सच साबित हुई, जब आखिरी दिन थोड़ी देर के लिए सूरज निकला और एक समय दोनों टीम जिस पिच पर संघर्ष कर रही थी वह, दक्षिण अफ्रीका के लिए 282 रनों की आसान जीत दर्ज करने में सहायक बन गई। इंग्लैंड को स्टोक्स-मैकुलम के दौर में चेज करना पसंद है लेकिन स्टोक्स का कहना है कि उनकी टीम इस धारणा से बंधी नहीं है। पिच पर जीवित घास है जो पहली सुबह कुछ मदद प्रदान करने की उम्मीद रखती है।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 99 रनों से हराकर सीरीज जीती

पल्लेकेले, 9 जुलाई। कुसल मेंडिस (124), कप्तान चरित असालंका(58) की शानदार बल्लेबाजी के बाद असिता फर्नांडो और दुष्मंत चमीरा की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने बंगलादेश को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 99 रनों हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका ने मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने कुसल मेंडिस 114 गेंदों में (124), कप्तान चरित असालंका (58) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया। पथुम निसंका (35) और जनित लियानगे ने 12 रनों का योगदान दिया। वानिंदु हसरंगा (18) और दुष्मंत चमीरा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से तसकीन अहमद और मेहदी हसन मिराज ने दो-दो विकेट लिये।

# राज्य में घरेलू क्रिकेट गतिविधियां पूर्व खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में होगी आयोजित : कुमावत

## आरसीए एडहॉक कमेटी ने घरेलू क्रिकेट कैलेंडर 2025-26 हेतु गठित पूर्व खिलाड़ियों की कमेटी



जयपुर, 9 जुलाई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राज्य के ोकप्रिय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व खेल मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने राजस्थान में क्रिकेट के विकास , युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने , राज्य क्रिकेट को वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हमारी आरसीए एडहॉक कमेटी हर स्तर पर अथक प्रयास कर रही है।

एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवारी ने बताया कि नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत, सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, पिंकेश पोरवाल, मोहित यादव व् स्वम मैंने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही हमारा प्रथम प्रयास है कि राज्य में क्रिकेट गतिविधियों की समस्त रुपरेखा व आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025- 26 का क्रिकेट कैलेंडर को राज्य के पूर्व खिलाडी ही तैयार करें व अपनी रिपोर्ट कमेटी को प्रस्तुतु करें जिससे राज्य की क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन में व्यापक सहयोग मिलेगा। आशीष तिवारी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी का प्रयास यही है कि राजस्थान में क्रिकेट का चहुमुखी विकास व विस्तार हो व राज्य के युवा खिलाडियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य में घरेलू क्रिकेट गतिविधियों का आयोजन व क्रिकेट सुविधाओं, तकनीक को विकसित किया जाये। कमेटी ने आरसीए की सभी आगामी सभी आयु वर्ग की पुरुष व महिला घरेलू क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं की रुपरेखा व क्रिकेट कैलेंडर को बनाने हेतु राज्य के पूर्व पुरुष व महिला खिलाडियों की कमेटी बनाई है जो मुख्य रूप से राज्य के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की विस्तृत्व रुपरेखा बनाने व हर आयु वर्ग की पुरुष – महिला प्रतियोगिताओं का कैलेंडर तैयार कर अपनी रिपोर्ट आरसीए एडहॉक कमेटी को जल्द से जल्द सौंपेंगे जिससे राज्य में युवा खिलाडियों की अपेक्षा व आवश्यकता के अनुसार ही खेल गतिविधियां आयोजित होंगी व खिलाड़ी अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे पाएंगे।

आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 के क्रिकेट कैलेंडर व घरेलू क्रिकेट की रुपरेखा तैयार करने हेतु **गठित पूर्व खिलाडियों की कमेटी** : - पंकज सिंह, राहुल कांवट, अंशु जैन, रोहित झालानी, विलास जोशी, कुलदीप सिंह, शैलेन्द्र गहलोत, ज़ाकिर हुसैन, शमशेर सिंह, अंकित लाम्बा, नलिन जैन, अनूप दवे, गंगोत्री चौहान, कोमल चौधरी।

**MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No./M.B.Nath/NIT/Est./2025/ 8376 Date : 27-06-2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 22/2025-26 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to date 18-07-2025 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – DLB2526SLOB10405

Commissioner, Municipal Board Nathdwara

Raj.Samwad/C/25/5846

**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक–निर्माण शाखा/निविदा/2025/1294–96 दिनांक : 07.07.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका, रतनगढ़ निम्न कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायर्स से ऑफलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 11.00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 16.07.2025 को को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्रस्तुत सभी निविदाऐं दिनांक 16.07.2025 को मध्यान्ह पश्चात् 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। कार्य से संबंधित शर्तें एवं विवरण निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2526A3271 UBN:- DLB2526WSOB10239

राज.संवाद/सी/25/5833 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम जोधपुर दक्षिण**

पोलोटेक्निक कॉलेज, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर

nnj@rediffmail.com Tel: 02912651464 Fax: 2651466

Sr.No- F 10/3084 Date- 07.07.2025

**Notice Inviting Tender**

UB NO. DLB2526WSOB10357

Nagar Nigam Jodhpur South invites proposals from the interested parties/bidders for development of Electric Vehicle Charging station on DBFOT basis at various sites in accordance with terms and conditions set forth in the Request For Proposal and Draft Concession Agreement (RFP). Detailed information about the works related to RFP, Concession Agreement, e-tender, tender details etc. can be seen on http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs.

Raj.Samwad/C/25/5843 Mayor Commissioner

**कार्यालय जिला परिषद, (मत्स्य प्रकोष्ठ) राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक :- एफ(2)लेखा/ठेका/जिपम/2025-26/1122 दिनांक :- 04/07/2025

**निविदा निलामी सूचना संख्या-1**

राजसमन्द जिले में स्थित 'ख' श्रैणी के ठेकों से शेष रहे जलाशयों में मत्स्याखेट के अधिकार वर्ष 2025–26 (31 मार्च 2026) से आवंटन हेतु मुहरबंद निविदाऐ आमन्त्रित की जाती हैं। जलाशय जिनकी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र में अंकित हैं। दिनांक 24.07.2025 को मत्स्याखेट हेतु निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कार्यालय समय में निविदा शुल्क रूपये 400/–(अक्षरे चार सौ रूपये) मात्र डिमाण्ड ड्राफ्ट दिया जाकर प्राप्त की जा सकेगी। उच्चतम मूल्य निविदत्त करने पर नियमानुसार सभी प्रवर्ग के जलाशयों को स्टेजेज बढ़ोतरी के आधार पर पॉच वर्ष की अवधि के लिए ठेके पर देने का प्रस्ताव हैं।

| निविदा विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोले जाने की अतिंम दिनांक व समय | जिला परिषद के जलाशय मय आरक्षित राशि रूपये लाखों में |
|---|---|---|---|
| 24.07.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 24.07.2025 दोपहर 2.00 बजे तक | 24.07.2025 दोपहर 2.30 बजे तक | बंध–सुखई–0.50<br>बंध–कुवास का गुढ़ा–0.58<br>बंध–लाखेला–0.86<br>बंध–सगरूण–0.73<br>बंध–सलोदा खेडा–1.16<br>बंध–कागमदाडा–1.43 |

निविदा के साथ प्रत्येक जलाशय की पृथक–पृथक आरक्षित राशि का 10 प्रतिशत अमानत राशि के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, राजसमन्द के नाम देय बैंक डी.डी. द्वारा जमा करानी होगी। निविदा में अंकित किये जाने वाले नाम व निवास स्थान क पते की पूष्टी हेतु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, आदि की प्रति निविदा फार्म खरीदते समय प्रस्तुत करनी होगी।

UBN No. - ZRR2526WSOB00363

NIB No.- ZRR2526A0199

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, राजसमन्द

राज.संवाद/सी/25/5887

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद् प्रतापगढ़ (राज.)**

E-Mail :-sewdsc.pratapgarh@rajasthan.gov.in, Phone No.:-01478-220004

कमांक :- एफ) ज.ग्र.वि.भु.स/PMKSY 2.0/ निविदा/2025-26/684 दिनांक :- 02/07/2025

**ई-निविदा सूचना (NIT-04/2025-26)**

जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, जिला प्रतापगढ़ में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना 2.0 के द्वितीय चरण अन्तर्गत स्वीकृत परियोजना के अनुमानित लागत 97.31 लाख के कुल 07 पैकेज विभिन्न कार्य जिसमें कच्चा कार्य सी.सी.टी., डीप सी.सी.टी., एम.पी.टी., संकन पौण्ड, अर्धन चेक डेम एवं बैंक स्टेबलाईजेशन का क्षेत्रों के तहत मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि सहित करवाये जाने हेतु उपयुक्त क्षेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार के विभागों/अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से https://eproc.rajasthan.gov.in पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया ई-निविदा दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 15.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त पोर्टल एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर निम्नानुसार यूबीएन पर भी देख सकते है।

UBN : WSC2526WSOB00695 To WSC2526WSOB00701

NIB Code : WSC2526A0411

अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद प्रतापगढ़ (राज.)

राज.संवाद/सी/25/5906

**जयपुर विकास प्राधिकरण**



**ई-नीलामी**

जुलाई 2025 -II एवं अगस्त 2025-I

156 भूखण्ड/दुकान/गोदाम

129 व्यावसायिक भूखण्ड

07 शिवांक सिटी योजना, जयपुर; 12 संतोष विला ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर; 01 गोविंदम आश्रम योजना, जयपुर; 01 हरित विहार योजना, जयपुर; 04 गोविन्दम आर्क्ड विस्तार योजना, जयपुर; 07 गोविन्दम रेजिडेन्सी-बी योजना, जयपुर; 05 दीनदयाल नगर, जयपुर

01 रामचन्द्रपुरा ERCB योजना, जयपुर; 02 ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर; 07 आकृति एन्क्लेव-बी योजना, जयपुर; 05 आकृति एन्क्लेव-ए योजना, जयपुर; 02 गनक एन्क्लेव योजना, जयपुर; 01 गोकुल ओरा योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2021/1547; 04 हर्ष वाटिका योजना, जयपुर

06 शौर्य नगर योजना, जयपुर; 04 दी रिंग एवेन्यू ब्लॉक-बी स्कीम, जयपुर; 03 दी रियासत रेजीडेंसी योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/2033; 06 संस्थागत योजना गांव-दहमी कलां, जयपुर; 05 खुशी संसार योजना, जयपुर; 01 न्यू आतिश मार्केट विस्तार ग्राम-सुखालपुरा, जयपुर; 04 गोवर्धन विहार योजना, जयपुर

02 वीआरबी पर्ल एन्क्लेव योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2022/1799; 07 अदिति एन्क्लेव वन योजना, जयपुर; 11 आदिनाथ सरोवर-ए योजना, जयपुर; 06 नाथू लाल करोल एन्क्लेव योजना, जयपुर; 02 सिंवार सिटी योजना, जयपुर; 01 वेस्ट-वे हाइट्स योजना, जयपुर; 01 गोल्डन रेजीडेंसी योजना, जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2023/2595

01 पत्रकार कॉलोनी, जयपुर; 01 लालकोठी योजना, जयपुर; 02 हनुमान नगर-एच जयपुर; 01 कन्हैया कुंज, जयपुर; 02 चेतन विहार, जयपुर; 03 कृष्णा सिटी, जयपुर; 01 श्रीनाथ एन्क्लेव तह. बस्सी, जयपुर

07 आवासीय भूखण्ड: 02 निलय कुंज फेज़-II, जयपुर RERA Reg. No. RAJ/P/2019/937; 02 स्वर्ण विहार जयपुर; 01 शौर्य नगर योजना, जयपुर; 02 महल योजना डी-ब्लॉक, जयपुर

05 फार्म हाऊस: 05 गोविंदपुरा रोपाड़ा योजना, जयपुर

04 ग्रुप हाउसिंग: 03 अनुपम विहार योजना, जयपुर; 01 अनंतपुरा ग्रुप योजना, जयपुर

01 गोदाम (टाइप-बी): 01 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड, जयपुर

02 संस्थानिक प्लॉट: 01 फ्लेटेड हाउसिंह योजना मनोहरपुरा, जयपुर; 01 रामचन्द्रपुरा योजना जगतपुरा, जयपुर

01 सर्विस यार्ड: 01 (टाइप-ए) ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड,जयपुर

01 निर्मित दुकान: 01 अण्डरपास (एस.एम.एस. अस्पताल से ट्रोमा सेंटर) जयपुर

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

06 मिश्रित उपयोग भूखण्ड: 01 वास्तु नगर जयपुर; 05 मेट्रो एन्क्लेव जयपुर RERA Regi. No. RAJ/P/2019/1133

भूखाण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: +91 9462 569 696

रेरा वेबसाईट: http://rera.rajasthan.gov.in

नीलामी की नियम व शर्तों के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/25/5919

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर- 302004